
## खबर संक्षेप

### महिलाओं का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा-प्रफुल्ल मिश्रा

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिला विरोधी बयान की कड़ी निंदा की है। जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि "आज जब प्रदेश और देशभर की करोड़ों बहनें सात्विक श्रद्धा और आस्था के साथ हरितालिका तीज का व्रत रख रही हैं, ऐसे पावन अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं को शराबी कहकर संबोधित करना न केवल महिलाओं का घोर अपमान है बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति और परंपराओं का भी अनादर है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए बहनें लाड़ली होती हैं, जिनके सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भाजपा सरकार सतत प्रयास करती है। वहीं कांग्रेस के लिए बहनें शराबी हैं। यह कांग्रेस की दूषित मानसिकता और महिला विरोधी सोच को उजागर करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया देते कहा कि कांग्रेस में कभी महिलाओं को तंदूर में जलाया गया, तो कभी उन्हें आत्महत्या के लिए विवश किया गया। कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने समय-समय पर महिलाओं को 'टंच माल', 'सजावटी सामान' कहा अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने उन्हें शराबी बहन कहकर संबोधित किया है। उन्होंने 'शराबी' कहकर महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। श्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास महिलाओं के अपमान से भरा पड़ा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस बयान से सहमत हैं? यदि नहीं, तो उन्हें प्रदेश की करोड़ों बहनों से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा उनका मौन उनकी सहमति ही माना जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की यही सोच बताती है कि वह किस तरह महिलाओं का सम्मान करती है।

### सार्वजनिक पण्डालों में आकर्षक साज-सज्जा से उत्साह का माहौल

# घर-घर विराजेंगे बुद्धि के दाता श्रीगणेश




### * बाजे-गाजे के साथ लाई गई श्री गणेश की प्रतिमायें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

10 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का आज से श्री गणेश हो रहा है कल दिनभर गणेश प्रतिमाओं को लाने का सिलसिला जारी रहा घरों में विराजने वाले श्री गणेश की मनोहारी प्रतिमायें परिवार के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा गाजे-बाजे के साथ लाई गई सार्वजनिक पण्डालों में जो प्रतिमायें प्रतिष्ठापित की जाती हैं उन्हें भी समिति सदस्यों द्वारा ढोल-धमाकों के साथ पण्डाल तक लाया गया। पण्डालों की आकर्षक सजावट से हर ओर उत्साह का माहौल बना हुआ है नगर की प्रमुख समितियों में से एक रेडक्रास गणेशोत्सव समिति द्वारा इस बार जो गणेशोत्सव की थीम का चयन किया गया है उसकी हर ओर प्रशंसा हो रही है।

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के लगातार बढ़ते कदम और मिलती सफलता ने भारत को एक बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित किया है विभिन्न देशों के उपग्रह भारत के रॉकेट लॉन्चर के माध्यम से भेजे जा रहे हैं यहां तक कि एक साथ 100 से ज्यादा उपग्रहों को भेजने का खिताब भी भारत के ही हिस्से आया है और यही कारण है कि भारत की इस कामयाबी को प्रदर्शित करते हुये रेडक्रास गणेशोत्सव समिति द्वारा इस बार गणेशोत्सव की इसी थीम को दर्शाया गया है।

### इनर व्हील क्लब द्वारा भव्य गणेश चतुर्थी का पूजन

इनर व्हील क्लब की ओर से किटी थीम पर भव्य गणेश चतुर्थी पूजन का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर क्लब की सदस्याओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन क्लब की सक्रिय सदस्य श्रीमती प्रिया पमनानी के नेतृत्व में हुआ।

पूजन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार और गणपति की आरती के साथ किया गया। भगवान श्री



गणेश की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिसके दर्शन मात्र से भक्तिमय वातावरण का अनुभव हुआ। निर्धारित ड्रेस कोड में सभी सदस्याएँ एकरूपता और सौहार्द का संदेश देती हुई उपस्थित हुईं।

पूजन के दौरान सदस्याओं ने सामूहिक रूप से गणेश भगवान से सुख-समृद्धि, शांति और परिवार के कल्याण की कामना की। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, उल्लास और आनंद का वातावरण व्याप्त रहा। क्लब की यह पहल सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को जीवंत बनाए रखने की दिशा में सराहनीय रही।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्रद्धा तपा, सचिव सुनीता पमनानी, प्रिया पमनानी, आरती बृजपुरिया, किरण पमनानी, संजुलता सिंगोर, रिया तपा, मोना जैन, कमला बानी, संध्या शिवहरे, अनीता राय, सरिता इसरानी, अनीता अग्रवाल, तृप्ति गोयल, आशा चौधरी, निहारिका ऊइके, सीमा ज्योत्षी, अंजु मरावी, त्रिवेणी पटेल, दीपा खंडेलवाल, गीता कालपीवार सहित बड़ी संख्या में सदस्याएँ उपस्थित रहीं।

भक्तिमय वातावरण, सजावट की सुंदरता और सभी सदस्याओं की सक्रिय भागीदारी ने गणेश चतुर्थी पूजन को यादगार बना दिया।



## आम आदमी पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष रानी अग्रवाल का आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति रानी अग्रवाल का आज मंडला आगमन हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर स्वागत रैली का आयोजन कटरा बायपास से किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष का नगर के विभिन्न स्थानो में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रथम आगमन पर पार्टी के द्वारा भव्य तैयारी की गई है जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि आम आदमी पार्टी के प्रदेश और संभाग के अन्य पदाधिकारी भी मंडला आज आ रहे हैं। जो विभिन्न कार्यक्रमों के साथ धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से धरना दे रही है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है जिसके चलते मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग अक्सर जबलपुर या अन्य जिलों का रुख करने को मजबूर होते हैं। यह स्थिति आम जनता के लिए बेहद चिंता का विषय है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि 27 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी ने जिला प्रशासन को चेतावनी भी दी है कि अगर शीघ्र ही डॉक्टरों की नियुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ, पेट रोग, ईएनटी (कान, नाक, गला), स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विभागों के डॉक्टरों की भारी कमी है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की जान पर भी बन आती है। वहीं शाम को कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित किया गया है। यहां पर प्रदेश अध्यक्ष और तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

### भोपाल में मण्डला टीम का शानदार प्रदर्शन



**मण्डला।** 6वीं राज्य स्तरीय थांगता चैंपियनशिप भोपाल के एन एन सी टी यूनिवर्सिटी में 22-24 अगस्त 2025 को आयोजित हुई।मंडला जिले के खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 मेडल प्राप्त किये सीनियर वर्ग में सुमित धुर्वे (66 किलो वजन) स्वर्ण पदक, नंदकिशोर परते (62 किलो वजन) स्वर्ण पदक, गरिमा धुर्वे (44 किलो वजन) स्वर्ण पदक, वीरेन्द्र रघुवंशी (58 किलो वजन) स्वर्ण पदक, संदीप बर्मन (80+ किलो वजन) रजत पदक तथा जूनियर वर्ग में तेजस्विनी मरावी (56 किलो वजन) रजत पदक, पूर्णिमा भैंसवार (52 किलो वजन) कांस्य पदक, सीनियर वर्ग में उत्कर्ष राय (54 किलो वजन) कांस्य पदक प्राप्त किये।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मंगलवार शाम थाना टिकरिया अंतर्गत त्यौहारो के मद्देनजर थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक रखी गई, जिसमें आगामी त्यौहारों जैसे गणेश उत्सव, ईद के त्यौहार के विषय में समिति के सदस्यों तथा अधिकारियों ने अपनी बात सांझा की तथा शासन प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश समिति के निकट रखे गए जिसमें डीजे साउण्ड आपरेटरो को भी बुला कर समझाइश दी गई व गणेश विसर्जन में घाटो पर लाइट तथा नाव और सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई बैठक में थाना प्रभारी गोपाल घासले, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र वरकड़े, मनोज मिश्रा गणेश उत्सव समिति की सभी अध्यक्ष सचिवजनपद अध्यक्ष आशाराम भारती-उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा पत्रकार बंधु राजेश सोनी, सुरेन्द्र सोनी, सूरज सोनी, बेनी लाल,आशीष सोनी व वरिष्ठ नागरिक गया चक्रवती, मागन सोनी एवं सचिव सरपंच डीजे आपरेटर अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## तेन्दुए के शिकार का खुला मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 25.08.2025 को मुखबिर की सूचना के आधार पर, परिक्षेत्र अधिकारी समनापुर के द्वारा टीम गठित कर मलांजखण्ड वार्ड क्रमांक 15 कंचन नगर मे घेराबंदी करते हुए, एक संदिग्ध व्यक्ति धीरसिंह उईके, पिता पिरमु उईके, साकिन पटपरा को रोककर तलाषी ली गई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से पॉलीथीन की पुड़िया मे 3 नग वन्यप्राणियों के नाखून बरामद हुये। आगे पूछताछ मे उसने बताया कि उसने 3 नग नाखून चैतराम पन्द्रे साकिन खटिया के पास से बेचने के लिए लाया था। अग्रिम जांच हेतु परिक्षेत्र समनापुर की परिक्षेत्र स्तरीय टीम द्वारा आरोपी की निषानदेही पर चैतराम पन्द्रे को पूछताछ के लिए बुलाया गया। पूछताछ मे उन्होने बताया कि उनके द्वारा लगभग एक वर्ष पहले चीतल के शिकार के लिए कंरट बिछाया गया था जिसमे वन्यप्राणी तेन्दुआ फंस गया था। तत्पष्चात आरोपी की निषानदेही पर वनकक्ष क्रमांक 692 बीट किसली



वन परिक्षेत्र किसली में चुप्पे मैदान के पास खुदाई की गई। एन.टी.सी.ए. नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक भोपाल म.प्र. से जारी दिषा-निर्देष अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया। डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। खुदाई में वन्यप्राणी तेन्दुए की हड्डी एवं अन्य अवशेष मिले तथा तेन्दुए के शरीर के कुछ अंग गायब पाए गए। जिसमें वन अपराध प्रकरण क्रमांक 46552/01 दिनांक 25/08/2025 जारी किया गया तथा अग्रिम जांच जारी है। शव परीक्षण वन्यजीव विषेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. संदीप अग्रवाल डॉ. आशीष वैध, बैहर के द्वारा एन.टी.सी.ए. के अधिकृत प्रतिनिधि सुश्री शिवांगी वेन्द्रे, मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक द्वारा नांमाकित अशासकीय वन्यप्राणी विशेषज्ञ चन्द्रेश खरे, क्षेत्र संचालक, रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक कोर/बफर श्रीमति अमिता के.बी. की उपस्थिति मे किया गया। उपरोक्त समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई। अपराध प्रकरण में शामिल दोनों आरोपियों को न्यायालय बैहर के समक्ष उपस्थित कर उन्हें न्यायालिक रिमांड पर जेल भेजा गया। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## बायर ने कैमलस की लॉन्चिंग का किया एलान

### * ज्यादा स्मार्ट एवं सस्टेनेबल कीट प्रबंधन के लिए अनूठा पेस्ट स्पेक्ट्रम कीटनाशक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कृषि एवं हेल्थकेयर सेक्टर से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाली वैश्विक कंपनी बायर ने कैमलस की लॉन्चिंग का एलान किया है। यह एक अनूठा पेस्ट स्पेक्ट्रम कीटनाशक है, जिसे विशेष रूप से भारत के बागवानी किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। चबाने और चूसने वाले कीटों (च्यूइंग एंड सकिंग पेस्ट) को नियंत्रित करने के लिए अनूठे पेस्ट स्पेक्ट्रम कंट्रोल के साथ यह दोहरे एक्शन में काम करता है, जो कि बागवानी फसलों की खेती के लिए जरूरी है।

इस लॉन्चिंग के मौके पर भारत, बांग्लादेश एवं श्रीलंका के बायर के क्रॉप साइंस डिवीजन के क्लस्टर कॉमर्शियल लीड मोहन बाबू ने कहा, 'भारत में पोषण की जरूरतों को पूरा करने में सब्जियों की महत्वपूर्ण भूमिका है और वैश्विक निर्यात में देश की स्थिति को मजबूत करने की क्षमता भी इसमें है। जैसे-जैसे सब्जियों की खपत बढ़ रही है, उत्पादकता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। बायर में हम




अपने इनोवेटिव एवं सस्टेनेबल सॉल्यूशंस के माध्यम से भारतीय किसानों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कैमलस के साथ हमने एक नेक्स्ट-जनरेशन इंसेक्टिसाइड तैयार किया है, जिससे न केवल कीट प्रबंधन को मजबूती मिलेगी, बल्कि इससे भारत एवं विश्व के लिए सब्जियों की दृढ़ एवं उच्च गुणवत्ता वाली वैल्यू चेन तैयार करने में भी मदद मिलेगी।

## 6 चोरियों का नैनपुर पुलिस ने किया खुलासा मंदिरों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



थाना नैनपुर क्षेत्रंतर्गत 03 अलग अलग स्थानों वार्ड न 15 नैनपुर बड़ी खैरमाई माता मंदिर, श्रीराम मंदिर में एवं कान्हा धाम मंदिर जामगांव में अज्ञात चोरो के द्वारा जेवरात एवं नगदी रूपये चोरी करने की रिपोर्ट पिछले 01 माह में प्राप्त हुई थी। सभी मामलों में थाना नैनपुर में भारतीय न्याय सहिंता की धारा 331(4), 305 (डी) के तहत अपराध क्रमांक क्रमशः 334/2025, 345/2025, 369/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

उक्त मंदिर चोरी की घटना में संलिप्त आरोपी की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के निर्देशन में टीम का गठन किया गया था। एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के द्वारा थाना प्रभारी नैनपुर बलदेव सिंह मुजाल्दा एवं चौकी प्रभारी पिंडरई के नेतृत्व में चोरी ट्रेस करने हेतु अलग-अलग टीम बनायी गयी थी। गठित टीम द्वारा बारीकी से पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु घटना स्थल के आसपास देखे जाने वाले संदिग्धों एवं संभावित मार्गो की जानकारी प्राप्त की गई।

तलाश पतासाजी के दौरान दिनांक 25.08.2025 को प्राप्त जानकारी एवं तथ्यों के आधार पर ग्राम सर्रई चौकी छिंदा थाना केवलारी जिला सिवनी के संदेही रामकृपाल उर्फ बहुआ पटेल पिता आमका पटेल को थाना नैनपुर की टीमों तथा थाना प्रभारी धूमा की टीम को भी इसमें शामिल किया गया के जिनके द्वारा संदेही रामकृपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बडी खैरमाई मंदिर नैनपुर, राममंदिर ग्राम हीरापुर, कान्हा मंदिर जामगांव की चोरी करना स्वीकार किया। साथ ही आरोपी द्वारा जिला सिवनी अंतर्गत घूरवाड़ा शिवमंदिर, धूमा हनुमान मंदिर, नरसिंहपुर हाईवे आदेगांव के मंदिर में अपने एक अन्य साथी के साथ चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपी रामकृपाल पिता आमका पटेल निवासी सर्रई चौकी छिंदा थाना केवलारी के कब्जे से मंदिर चोरी की जप्त सामग्री- (1) 09 नग चांदी के मुकुट (2) 01 नग चांदी का छत्र (3) 01 सोने का लाकेट (4) 02 चांदी की पत्ती आंख जैसी, (5) 01 नग शंख, (6) ताला तोड़ने वाला औजार 01 कटर एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल कुल मशरूका कीमती 230000 रूपये (दो लाख तीस हजार रूपये) आरोपियो के द्वारा मंदिर में चोरी करने पर पंजीबद्ध अपराध में जप्त सामग्रीः थाना नैनपुर के अपराध क्र 334/ 2025, 345/2025, 369/2025 एवं थाना धूमा जिला सिवनी के अप क्र 275/2025, 287/2025, थाना आदेगांव जिला सिवनी के अप क्र 194/2025 में जप्त किया गया।

**प्रशिक्षण** | कचरे से वर्मी कम्पोस्ट बनाने की दी जा रही जानकारी।

# फूलों व गोबर से धूपबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

### * इनर व्हील क्लब द्वारा किया गया सेमिनार का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






इनर व्हील क्लब द्वारा क्लब अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा तपा की अध्यक्षता में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्य श्रीमती संजुलता सिंगओर ने मंदिरों में चढ़ने वाले फूलों और गाय के गोबर से धूपबत्ती बनाने की विधि तथा किचन से निकलने वाले कचरे से वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया समझाई।

उन्होंने बताया कि मंदिरों में चढ़े फूल अक्सर बाहर फेंक दिए जाते हैं, जिससे दुर्गंध और गंदगी फैलती है तथा स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे फूलों का उपयोग गोबर के साथ कर धूपबत्ती बनाने में किया जा सकता है। इसमें कपूर, लाल चंदन पाउडर, पिसे हुए फूल, देसी गाय का घी, लोहबान, गुड़ और गंगाजल मिलाकर धूपबत्ती तैयार की जाती है। यह धूपबत्ती बिना किसी रसायनिक पदार्थ के बनाई जाती है, जिसे जलाने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा फैलती है, नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है और ऑक्सीजन की मात्रा भी बढ़ती है। यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है।

इसी तरह किचन से निकलने वाले कचरे से वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा सकता है, जो पर्यावरण हितैषी खाद के रूप में उपयोगी है। इन नवाचारों से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा बल्कि महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा, पैसों की बचत होगी और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान होगा।

इस अवसर पर सचिन सुनीता पमनानी, प्रिया पमनानी, आरती बृजपुरिया, किरण पबनानी, संजुलता सिंगार, रिया तपा, मोना जैन, कमला बानी, संध्या शिवहरे, अनीता राय, सरिता इसरानी, अनीता अग्रवाल, तृप्ति गोयल, आशा चौधरी, निहारिका ऊइके, सीमा ज्योत्षी, अंजु मरावी, त्रिवेणी पटेल, दीपा खंडेलवाल, गीता कालपीबार सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### जमीन पर पटक कर चोटें पहुंचायी

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचोका पुसिल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पचामा निवासी रामफल पिता स्व प्रेमिसंह वर्मा उम्र 48 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने गांव की किराना दुकान पर कोई समान लेने के लिये गया हुआ था उसी दौरान अनिल पिता लालमन लोधी मिला और पुरानी बुराई को लेकर प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा झूमा झटकी करते हुये रास्ते पर पटक कर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### छाता टूटने की बात को लेकर मारपीट

गाडरवारा। लोग छोटी छोटी बातों को लेकर मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम करहैया में देखने मला है। जहां पर छाता टूटने की बात को लेकर मारपीट कर दी गई। घटना के संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करहैया निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका लड़का रामेश्वर कुशवाहा जब गांव की कराना दुकान जा रहा था उसी दौरान रास्तें में गांव का मंजे ठाकुर मिला और छाता टूटने की बात को लेकर प्रार्थी के बेता को गंदी गंदी गालिया देने लगा जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना कया तो आरोपी मंजे ठाकुर तथा उसके साथ हल्के ठाकुर व सुखराम ठाकुर द्वारा एक राय होकर प्रार्थी के बेटा के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जीजा ने साली के साथ की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम मढ़वानी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकी बहिन का पति ग्राम रम्पुरा निवासी केहर सिंह खरैया जो रिस्ते में जीजा लगता है। बीते हुये दिवस बीते हुये शराब के नशे में घर आया और बगैर किसी कारण के गंदी गंदी गालिया देने लगा। जब प्रार्थिया द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा सिर के बाल पकड़ते हुये जमीन पर मारते हुये चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने साली की शकायत पर आरोपी जीजा के खलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### होटल संचालक को दी जान से मारने की धमकी

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर की पुराना गल्ला मंडी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै नगर की कंचन होटल का संचालक हूं। बीते हुये दवस जब में अपनी होटल की आफिस में काम कर रहा था उसी दौरान गाली गलौच की आवाज सुनाई पड़ी तो मैने आकर देखा कि होटल में काम करने वाले राम कशोर रजक की कालर विमलेश पकड़े हुये था और उसका साथी गंदी गंदी गालिया दे रहा था। इस दौरान जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### तुलवाईया के साथ हम्माल की मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के माता वार्ड निवासी तुलवाईयाँ द्वारा पुलिस थाने में अपनी शकायत दर्ज कराते हुये बताया है क मैं नई गल्ला मंडी दीप ट्रेडर्स में किसानो से खरीदा हुआ अनाज तुलवाने का काम ट्रेडर्स के मालिक प्रदीप चौहान के कहाने पर करवाता हूं। बीते हुये दिवस मैं हम्मालो से प्रदीप चौहान द्वारा खरीदी गयी मूंग को हम्मालो को आधा काम बाटने की बात कहीं थी। जो हम्माल कल्लू उर्फ गनेश जाटव ने कहा कि मैं काम नही करूंगा जब प्रार्थी उससे बोला कि काम नही करना तो क्यो आ गये इसी बात को लेकर कल्लू उर्फ गनेश जाटव द्वारा प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

#### वाहन चालक परेशान जांच की उठाई जा रही मांग

# पान में चमन बहार की तर्ज पर डामर उपयोग करते हुये सुधारी गई कान्हरगांव महगंवा सड़क पर चंद दिनों के उपरांत दिखाई देने लगे गडढे

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीणों को सुविधाये प्रदान करने के लिये गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण कराया जा रहा है तो दूसरी ओर जहां पर पुरानी सड़के खराब हो चुकी है उनके सुधार के लिये लाखों रूपया खर्च किये जा रहे है। मगर सुधार कार्य के नाम पर जिस तरह पान में चमन बहार की तर्ज पर डामर का उपयोग करते हुये निभाई जाने वाली औपचारिकता का प्रमाण है कि चंद दिनों के अंदर सड़क पर पुनः गड्डे दिखाई देने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई चंद माह पहले नगर के रेल्वे स्टेशन के समीप ग्राम कान्हरगांव से महगंवा कला होते हुये दहलवाडा गोलगांव से चारगांव की जाने जाने वाली सड़क की सच्चाई देखने मिल रही है। बताया जाता है कि इस सड़क का चंद माह पहले सुधार कार्य हुआ था। मगर इस सुधार कार्य की सच्चाई इस तरह देखने मिल रही है कि मानों वर्षो का समय बीत चुहो हो..? क्योंकि जिस तरह सड़क पर गड्डे निकलते हुये दिखाई दे रहे है वह सुधार कार्य की गुणवत्ता को उजागर करने से नही चूक रही है। सुधार कार्य होने के चंद दिनों उपरांत सड़क पर गड्डे निकलने के चलते जहां वाहन






यात्रियों को परेशानियों से जूझते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही इस मार्ग पर रेलवे स्टेशन से ग्राम कान्हरगांव की ओर जाने वाले रेल्वे आऊटर सिंगनल के पास एक पुलिया के ऊपर यानि की सड़क के बीचों बीच निकल रहा गड्डा निश्चित तो से एक बड़ी की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है। क्योंकि जब कोई वाहन चालक इस मार्ग से निकलता है तो वह गड्डा आसानी से नजर नही आता है। इस तरह पुलिया के ऊपर निकले हुये गड्डे में रात के समय कोई दो पहिया वाहन का चाक फंस जाता है तो उसकी जिन्दगी खतरे में पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..। मगर हैरत की बात है कि इस सच्चाई को सड़क सुधार कार्य के दौरान भी संबंधित विभाग अधिकारियों द्वारा ध्यान नही दिये जाने के चलते उसकी डामर के माध्यम से लीपापोती कर दी गई थी जिसकी सच्चाई अब उभरकर सामने आने के साथ साथ आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक पा रही है। वही क्षेत्र के लोगों द्वारा सुधार कार्य की जांच कराये जाने की मांग की जाने लगी है। क्योंकि सुधार कार्य के उपरांत संबंधित विभाग द्वारा संतुष्टि प्रमाण पत्र दिया जाता है उसके उपरांत ही कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान किया जाता है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस सड़क सुधार कार्य के नाम पर शासकीय धन की खेली गई होली की गुलाल में सुधार कार्य करने वाली कंपनी सहित विभाग के अधिकारियों द्वारा भी अपनी रंगत की शोभा बढ़ाने में कसर नही छोड़ी गई होगी..? यदि निष्ठा के साथ जांच होती है तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी।

## आज जहां तहां विराजमान होगी गौरी नंदन की आकर्षक प्रतिमाएं, 11 दिन तक रहेगी रिद्वि सिद्वि के दाता की धूम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** गणेश चतुर्थी का त्याहौर बडे लम्बे अंतराल के उपरांत गणेश भगवान के प्रिय दिवस बुधवार के दिन शुभ संयोग व विशेष महत्व बाला माना जा रहा है। बताया जाता है कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चौथ की तिथि बुधवार का दिन एक साथ होने से भगवान शिव जी व माता गौरा जी सहित उनके पुत्र गणेश की पूजन एक साथ किये जाने का शुभ अवसर पड़ने के कारण लोगों में अलग ही उत्साह देखने मिल रहा है। इस तरह बुधवार के दिन गणेश चतुर्थी पडने से जहां शहर का बाजार पूर्ण रूप से गुलजार हो गया है। वही नगर में धर्म की बयार बहने की शुरूआत भी हो चुकी है। इसी के चलते कल मंगलवार को हर तलिका तीजा होने के चलते महिलाये अपने घरों में भगवान शिवजी व माता गौरी की पूजन करने में लगे हुये थी तो दूसरी ओर गणेशोत्सव समितियों से जुडे बच्चे, युवा जगह जगह भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए बनाये गये मंचों की साज सज्जा करने में जुटे हुए दिखाई पड़ रहे थें। वही मूर्तिकारों के ठिकानों से भी बुद्वि के प्रदाता भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का भक्तों द्वारा स्थापित करने के लिए ले जाने का सिलसिला शुरू हुआ था जो देर रात तक जारी रहा। वही बताया जाता है कि अनेक



गणेश समितियों द्वारा गणेश जी की प्रतिमाये बाहर से बुलवाई गई जिसके चलते ट्रेनों में भी गणेश यात्रा करते हुये नजर आने से नही चूक रहे है। इस प्रकार गणेश चतुर्थी के पूर्व बाजार में विघ्न विनाशक भगवान श्रीगणेश की लोगों के घरों में स्थापित होने वाली छोटी प्रतिमाओं और गणेश जी की मनमोहक झांकियाँ सजाने की सामग्री की बाजार में विशेष मांग रही। वही दूसरी ओर मिठाईयों के दुकानदारों ने भगवान श्रीगणेश जी को प्रिय माने जाने वाले लड्डु बना बच्चों को गणेशोत्सव धूमधाम से मनाने का उत्साह दोगुना कर दिया गया है। गौरतलब है कि आज बुधवार को शहर के सार्वजनिक स्थानों, नगर के वार्डो व कालोनियों में गौरी नंदन की प्रतिमाएं विराजमान होगी और शहरवासी प्रथम पूज्य भगवान विनायक की भक्ति में लीन हो जायेगे। जानकारी के अनुसार इस वर्ष नगर के लगभग 40 सार्वजनिक स्थानों पर शासन द्वारा निर्धारितत किये गये माप दंडों का पालन करते हुये भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित होने जा रही है तथा गणेश प्रतिमा स्थापना स्थलों पर गणेश जी की नियमित पूजन, आरती के साथ साथ गणेशोत्सव समितियों के तत्वाधान में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जावेगे। वही शहर के ज्योतिषो द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि भगवान श्रीगणेश अपने भक्तों को आर्शीवाद देकर उनके कार्य सिद्व करते है, जिसके चलते गणेश चतुर्थी पर उन्हे हरित दूर्वा अर्पित कर मोदकों का भोग लगाने के बाद उनका गुणगान करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है, जिसके चलते भक्तगण बुद्वि की दाता की खूब आराधना कर सकेगे। वही शासन के आदेश के चलते पीओपी से बनी हुई प्रतिमाओं की स्थापना पर प्रतिबंध लगाया गया है जिसके चलते बीते दिवस गणेश स्थापना के पूर्व अधिकारियों द्वारा नगर में गणेश विक्रेताओं के यहां पर अचानक प्रतिमाओं को चेक किया गया जिसमें पाया गया कि विक्रेताओं द्वारा मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का बाजार में विक्रेय किया जा रहा है।

### बाडे में मवेशी बाधने को लेकर हुआ विवाद

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कामती निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के बाजू में सोनू का बाडा है जिस पर सोनू अपने जानवरो को बांधता है, इससे मेरे दीवार की ईटे खराब हो रही है। यह बात जब प्रार्थी द्वारा सोनू से बोली तो उसने मबेशी बाधना बंद नही किया गया। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने पिता पुष्पराज के साथ बात कर रहा था। तभी सोनू प्रार्थी के घर के सामने आकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान उसका साथी आशू व आदित्य भी आ गये तो सभी ने एक राय होकर प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## महिलाओं ने निर्जला व्रत रख शिव पार्वती का किया पूजन





### घरों में हर्षोल्लास से मना हरितालिका तीज का त्यौहार

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** भारतीय संस्कृति समृद्धि, सुहाग और सौभाग्य, भगवान शिव, माता पार्वती के अटूट स्नेह का प्रतीक पर्व हरतालिका तीज का त्यौहार भाद्रपद शुक्ल तृतीया पर कल मंगलवार को शहर में आस्थामय माहौल में मनाया गया। क्योंकि लम्बे अंतराल के बाद इस योग में पड़े हर तालिका तीज के चलते भगवान श्रीराम के प्रिय सेवक तथा मानव जीवन को संकटों से मुक्ति दिलाने वाले हनुमान जी के प्रिय दिवस का दिन विशेष ही गुणकारी साबित होते हुये देखा जा रहा है। इस प्रकार से हरतालिका तीज के दिन जहां बाजार में पूजा सामग्री के सामान की दुकाने सजी हुई थी। वही घरों में महिलाएं भगवान शिव, पार्वती को अर्पित करने वाले व्यजंनों को तैयार करने में जुटी हुई देखी जा रही थी। बताया जाता है कि तीजा पर्व पर सौभाग्यशाली महिलाओं व अच्छे वर की प्राप्ति की अभिलाषा करने वाली युवतियों ने घरों के आंगनों को सजाकर उनमें सुन्दर फुल्हेरे बांधकर उनके नीचे भगवान शंकर, माता पार्वती की मिट्टी से निर्मित मूर्तियाँ विराजित की गई थी। वही हर तालिका तीज के पावन अवसर पर सुहागिनी महिलाओं ने अनूठा श्रृगांर कर निर्जला व्रत रखा था और अपनी पूजा की थाली में गौरा पार्वती की पूजन सामग्री फूल, सुहाग सामग्री सजाकर मन में इन कामनाओं को दोहराया था कि शिव, पार्वती उन्हें अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीष दे तथा उनके परिवार में सुख, समृद्वि की बारिश सदैव होती रहे। इस तरह तीजा पर्व के शुभ मुहुर्त पर घरों में महिलाओं ने विद्वान पंडितों से हरितालिका तीज की कथा सुनने के बाद श्रद्वा भाव से शिव, पार्वती की पूजा, अर्चना तथा आरती कर उन्हें कई प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर भगवान शिव व माता पार्वती से अखंड सुहागवती रहने का अशीष ग्रहण किया। सुहागिन महिलाओं का प्रमुख त्यौहार तीजा पर्व पर महिलाओं ने अपनी सखियों को सुहाग सामग्री, प्रसाद देकर उनकी मंगलकामनाएं स्वीकारी तथा पूजन कराने वाले पंडितो को दान देने के बाद तीज व्रत करने वाली महिलाओं ने जहां अपना व्रत समाप्त किया। वही तीजा व्रत करने वाले महिलाओं द्वारा दूसरे दिन तक व्रत रखने का निर्णय लिया तथा अपने दामपत्य जीवन में मधुरता, प्रेम का संचार करने वाले हरितालिका तीज पर्व की रात्रि में महिलाओं ने अपने घरों में रात्रि जागरण कर भजन व धार्मिक गीत गाकर अपनी खुशियों का इजहार किया।

### संभाग स्तरीय शालेय पिट्टू प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय पीएमश्री कन्या नवीन उ.मा. विद्यालय में संभागीय शालेय पिट्टू प्रतियोगिता बालक/ बालिका 19 वर्ष का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के जबलपुर, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, मण्डला एव मेजबान जिला नरसिंहपुर सहित कुल 06 ज़िले से आये हुये 170 बालक/ बालिकाओं ने भाग लिया गया। इस दौरान सभी टीमों के कोच एवं मैनेजर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा की अध्यक्षता में एवं पूर्व विधायक नरेश पाठक, श्रीमती साधना स्थापक. मिनेन्द्र डागा, चन्द्रकान्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। वही इस दौरान श्रीमती बसती पालीवाल, श्रीमती शिरोमणी चौधरी, सुरेन्द्र गुर्जर (पार्षद), शुभम ठाकुर (पार्षद) के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन राजेश गुप्ता ने किया। वही शुभारंभ कार्यक्रम के उपरांत प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमे बालक वर्ग से जबलपुर जिला विजेता एवं नरसिंहपुर उपविजेता रहा। वही बालिका वर्ग में जबलपुर विजेता एवं बालाघाट उपविजेता रहा। प्रतियोगिता उपरांत पुरुष्कार वितरण समारोह पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ममता पाण्डेय, संजय राजोरिया, रीतेश राम, हर्ष पाठक, श्रीमती पूजा तिवारी(पार्षद) द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में प्रकाश राजपूत जयपुर, इमाम खान, ज्योति धानक, परेश शर्मा, आदित्य द्विवेदी,अजीत उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद थें। प्रतियोगिता संपन्न कराने में जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय कंजर, संयोजक प्राचार्य श्रीमठी लेखा कौरव, अनुज जैन, मुकेश पटेल, अजय सोनी, आरिज खान, के के दुबे, चंद्रकांत साहू, प्रशांत पटैल मौजूद रहे।

### जनशिक्षा केन्द्रो पर आयोजित की गई मोगली बाल उत्सव प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। मंगलवार को साईखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के समस्त जनशिक्षा केन्द्रो पर मोगली बाल उत्सव के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित कह गई। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग के तहत कक्षा 5 से 8 वीं तक के शासकीय शालाओं में अध्ययनरत शाला स्तर पर आयोजित हुई। वही वही प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं ने 1 घंटे की अवधि में निबंध लिखें। इस दौरान उन्होंने मोगली का परिवार, विश्व पर्यावरण दिवस, प्रकृति संरक्षण, कचरे के दुष्प्रभाव, जल, जंगल और पहाड़ सहित अन्य विषयो पर अपनी पसंद के निबंध लिखे गये। जनशिक्षा केंद्र स्तर पर चयनित छात्र छात्राएं अब ब्लॉक स्तर पर सहभागिता करेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में जनशिक्षा केंद्र प्रभारियों, जनशिक्षकों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्रीबाल को निजी स्वार्थ के चलते तोड़कर बना लिया रास्ता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर का शासकीय अस्पाताल जहां तहसील का सबसे बड़ा होने के चलते यहां पर गाडरवारा विधान सभा सहित आधे से अधिक समीपस्थ तेंदूखेड़ा विधान सभा क्षेत्र के मरीज उपचार कराने के लिये पहुंचते है। वही दूसरी ओर समीपस्थ रायसेन जिले से लेकर छिंदवाडा जिले के मरीजों को भी यहां पर आते हुये देखा जाता है। इस स्थिति में इस शासकीय चिकित्सालय की क्षमता बढ़ाये जाने की मांग लगातार उठाई जा रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री द्वारा इस शासकीय चिकित्सालय में मरीजों के लिये जरूरी सुविधाये प्रदान कराने के लिये प्रयास करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। बताया जाता है कि राजस्व विभाग के सरकारी रिकार्ड में शासकीय चिकित्सालय के पास कई एकड़ भूमि है। मगर वह भूमि जिस तरह अतिक्रमण की भेट चढ़ चुकी है इस स्थिति में जहां मौके पर तहसील की सबसे बड़ी अस्पाताल का नक्शा छोटा नजर आने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर शासकीय चिकित्सालय की सुरक्षा को लेकर बनाई गई बाउन्ड्री बाल को लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते तोड़ते हुये देखा जा रहा है उसके



चलते चिकित्सालय सहित मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है..? जानकारी के अनुसार शासकीय चिकित्सालय के आसपास निवास करने वाले लोग जहां चिकित्सालय की भूमि को अपने कब्जे में लेते हुये अतिक्रमण करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है तो दूसरी ओर चिकित्सालय से जुडे लोगों द्वारा चिकित्सालय के पास अपने रहवासी आवासों का निर्माण करते हुये जिस तरह निजी स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये इस चिकित्सालय की बाउन्ड्री बाल को तोड़ा जा रहा है वह निश्चित तौर से चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई वर्तमान समय में भी देखने मिल रही है। बताया जाता है कि विजय कालोनी क्षेत्र में निर्माणाधीन एक आवास के चलते यहां पर रातो रात शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्री बाल को तोड़ते हुये रास्ता बना डाला है..? इस तरह चिकित्सालय की भूमि पर लगातार हो रहे अतिक्रमण तथा आये दिन तोड़ी जा रही बाउन्ड्री बाल की सच्चाई को चिकित्सालय के जिम्मेदारों से लेकर रोगी कल्याण समिति के लोगों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह मूंग स्थिति में संरक्षण की मुद्रा को उजागर करने से नही चूक रहा है..? यदि नगर के शासकीय चिकित्सालय की स्थिति इसी तरह बनी रही तो वह दिन दूर नही जब शासन द्वारा लाखों रूपया खर्च करते हुये मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये बनाई गई चिकित्सालय की बाउन्ड्री बाल गायब हो जावेगी और चिकित्सालय की सुरक्षा भगवान भरोसे बन जावेगी..? इस प्रकार से निजी स्वार्थो के चलते तोड़ी जा रही शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्री बाल को लेकर आमजन द्वारा शासन प्रशासन से मांग की जा रही है कि शीघ्र ही शासकीय चिकित्सालय की भूमि की नाप कराते हुये अतिक्रमण हटाने के साथ साथ तोड़ी गई बाउन्ड्री बाल को निर्मित कराया जावे जिससे चिकित्सालय में उपचार कराने के लिये पहुंचने वाले मरीजों सहित उनके परिजनों को सुरक्षा बन सके।

### कामती राष्ट्रबंधु स्मारक के पास फैला हुआ अतिक्रमण बन रहा परेशानी का कारण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय क्षेत्र के राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख माने जाने वाले गाडरवारा पिपरिया मार्ग की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि जहां तहां निकल रहे गड्डे वाहन चालकों के लिये पेरशानी का कारण तो साबित होते हुये देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर इस मार्ग पर आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते अनेक लोग अपने जिन्दगी भी गवा चुके है? क्योंकि जहां सड़क की स्थिति लगातार जर्जर होने के बाद भी इसके सुधार की ओर किसी के भी ध्यान नही दिया जा रहा है, वही दूसरी ओर इस मार्ग के किनारे पड़ने वाले गांवों में सड़क किनारे फैल रहे अतिक्रमण दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम कामती में देखने मिल रही है, बताया जाता है कि इस मार्ग पर पढ़ने वाले ग्राम कामती के प्रमुख स्थल राष्ट्रबंधु स्मारक के पास जिस प्रकार से लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने दुकाने सजाई गई है उसके चलते वाहन चालकों से लेकर आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है, क्योंकि यह स्थल इस प्रकार से माना जाता है कि यहां पर सड़क का प्रमुख मोड़ होने के कारण जहां वाहन चालकों को सामने से आने वाला वाहन दिखाई नही देता है, वही दूसरी ओर जब कोई वाहन अचानक दूसरे वाहन के सामने आ जाता है तो इस मोड़ पर फैले हुये अतिक्रमण के चलते वाहन चालक अपने वाहन को सड़क की साईड में ले जाने की स्थिति में भी नही होता है जिसके चलते इस स्थल पर आये दिन वाहनों की टक्कर होना आम बात हो चुकी है? मगर इसके बाद भी यहां पर फैले हुये अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शायद प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही यहां पर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो? यदि समय रहते हुये यहां पर फैले हुये अतिक्रमण की ओर ध्यान नही दिया गया तो निश्चित ही ग्राम कामती में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है?

## कामती क्षेत्र में चल रही जुंआ के अवैध कारोबार की चर्चाये जोरो पर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर के समीपस्थ सांईखेड़ा मार्ग ग्राम कामती पिठहरा क्षेत्र में बीते हुये कुछ दिनों से बडे स्तर पर जुंआ फड संचालित होने की चर्चाओं ने जिस तरह जोर पकड़ा हुआ है वह सबालों को जन्म देने से नही चूक रहा है..? क्योंकि जहां क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों द्वारा इस तरह जुंआ के अवैध कारोबार पर पुलिस को सख्त कार्यवाही के आदेश दिये गये है। मगर इसके बाद भी इस तरह बडे स्तर पर 52 पत्तों का खेल होना निश्चित तौर से पुलिस की व्यवस्था पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है..? जनचर्चाओं के अनुसार बताया जाता है कि बीते हुये लगभग एक सप्ताह से यहां पर शाम के वक्त बडे स्तर पर बेगम गुलाम की बादशाही इस प्रकार से देखी जा रही है कि दूर दूर के लोग यहां पर अपनी किस्मत अजमाने के लिये पहुंचने से नही चूक रहे है। इसी का परिणाम है कि चंद दिनों के अंदर इस अवैध कारोबार ने संपूर्ण क्षेत्र में अपनी बादशाही के चलते चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है।

**खबर संक्षेप**

## गणेश चतुर्थी पर आज जिले में रहेगा स्थानीय अवकाश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को स्थानीय अवकाश रहेगा। इसी तरह दीपावली के तीसरे दिन 22 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सामान्य पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है। यह अवकाश बैंक, जिला कोषालय व उप कोषालयों पर लागू नहीं होंगे।

## पुष्पराजगढ़ विधायक ने श्री कल्याण सेवा आश्रम को ज्ञापित किया धन्यवाद



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** नर्मदा जी के उद्गम स्थल पावन नगरी अमरकंटक में श्री कल्याण सेवा आश्रम के महंत हिमाद्रि मुनि जी के सानिध्य में नव-निर्माण मुक्तिधाम का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने आश्रम के प्रबंध न्यासी श्री कल्याण दास महाराज एवं हिमाद्रि मुनि महाराज का आभार व्यक्त किया। विधायक मार्को ने कहा कि अमरकंटक जैसी पवित्र नगरी में आधुनिक एवं सुव्यवस्थित मुक्तिधाम की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस निर्माण से निश्चित ही आमजन को सुविधाएं मिलेंगी तथा धार्मिक व सामाजिक दृष्टि से क्षेत्र को नई पहचान प्राप्त होगी। श्री कल्याण सेवा आश्रम द्वारा किए जा रहे कार्यों में मुक्तिधाम परिसर में नए शेड, पार्क, पानी की टंकी, पौधरोपण एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण शामिल है। इन प्रयासों से परिसर न केवल अधिक आरामदायक, स्वच्छ और आकर्षक बनेगा, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए सुबह-शाम टहलने का एक उत्तम स्थल भी उपलब्ध होगा। नव-निर्माण मुक्तिधाम का भव्य स्वागत द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र है, जिसमें दक्षिण भारतीय कला-कृतियों का अद्भुत समावेश देखने को मिलता है।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का बयान-माताओं बहनों का अपमान

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम व पूर्व जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार द्विवेदी ने कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रदेश की लाखों महिलाओं को शराबी बतलाने पर कडी आपत्ति करते हुए तुरंत माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने पटवारी के बयान को प्रदेश की लाखों माताओं- बहनों का अपमान बतलाया है। उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी का बयान अत्यंत निंदनीय है। शायद बहनों का अपमान करना कांग्रेस की संस्कृति है। हमारे देश और मध्यप्रदेश की महिलाएं जितनी मेहनत, जितना त्याग करती हैं, उसके लिए उनका जितना सम्मान किया जाए वो कम है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा लाड़ली बहनों को शराबी बताना बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।

# जनसुनवाई: आमजन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर की शिकायतें, कलेक्टर ने दिए निराकरण के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर द्वारा की गई। जनसुनवाई में जिले भर से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे और अपनी समस्याएं व शिकायतें प्रस्तुत कीं।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।




इस दौरान कुल 52 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया। शेष आवेदनों पर तय समय-सीमा में निराकरण का आश्वासन दिया गया।जनसुनवाई में जिला पंचायत के सीईओ, अपर कलेक्टर, एसडीएम डिंडौरी, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई में एक शिकायतकर्ता ने बताया कि एक नशामुक्ति केंद्र द्वारा किराए के मकान का कई महीनों से भुगतान नहीं किया गया है, जिससे मकान मालिक को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। एक अन्य प्रकरण में एक हितग्राही ने बताया कि भूमि स्वामी होने के बावजूद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्राप्त नहीं हो रही है। कलेक्टर ने तहसीलदार को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।एक व्यक्ति ने बताया कि वह अप्रैल 2024 से नल-जल योजना के तहत कार्य कर रहा है, लेकिन अब तक मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इस पर जनपद पंचायत समनापुर के सीईओ को जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत ढ़ोढ़ा के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र के बंद रहने की शिकायत की, जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल जांच कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, कठौतिया ग्रामवासियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की गिरती गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि प्राचार्य के बार-बार बदलने से विद्यालय का वातावरण प्रभावित हो रहा है। हाल ही में नए प्रभारी प्राचार्य के आने के बाद विद्यालय में सुधार हुआ था, लेकिन पुनः पूर्व प्राचार्य की पदस्थापना से स्थिति फिर से खराब हो गई है। ग्रामीणों ने इस संबंध में हस्तक्षेप की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।जनसुनवाई में उठाए गए मामलों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्याओं का समाधान समयबद्ध व प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।



## माटी गणेश, सिद्ध गणेश मूर्ति निर्माण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की रचनात्मक कलाकृति दमक उठी

**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. स्वर्णिम पटेल के द्वारा 26 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में "माटी गणेश, सिद्ध गणेश" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर, छात्र - छात्राओं के माध्यम से मूर्ति निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और भारतीय ज्ञान परंपरागत संस्कृति के संरक्षण के संदेश को प्रत्येक विद्यार्थी, युवा वर्ग, परिवार और समाज तक पहुंचाना हैं। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. सुनील कुमार काकोड़िया, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, कैलाश प्रसाद लखेरा, दीपचंद गुप्ता, समीर धुर्वे, ओमकार वाटिया, कमलेश वास्पे एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हरितालिका तीज पर दुर्गा मंदिर में आयोजित हुई "माटी गणेश-सिद्ध गणेश" कार्यशाला





डिंडौरी।

हरितालिका तीज पर्व के अवसर पर प्रदेशभर के देवालयों में "माटी गणेश-सिद्ध गणेश" अभियान अंतर्गत मिट्टी से गणेश प्रतिमाओं के निर्माण का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बजाग के ग्राम खरगहना स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के तत्वावधान में इको-फ्रेंडली गणेश मूर्तियों के निर्माण की कार्यशाला आयोजित हुई। इस अवसर पर जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान, विकासखंड समन्वयक डिंडोरी गणेश राजपूत, विकासखंड समन्वयक बजाग श्रीमती अंजू दुबे, मेंटर खिलावन सिंह गौतम, प्रस्फुटन समूह, नवांकुर सखी, ग्रामीण महिलाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमाएँ बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से पारंपरिक एवं पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाओं के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों से होने वाले प्रदूषण से बचा जा सके। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के उत्साह ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## कन्या माध्यमिक शाला मानिकपुर में छात्राओं को साइकिल वितरित

### शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना से छात्राओं को मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत कन्या माध्यमिक शाला मानिकपुर में कक्षा 6वीं की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह योजना उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। पहले छात्राओं को विद्यालय तक पहुँचने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि थकान के कारण पढ़ाई पर भी असर पड़ता था। अब शासन की इस योजना से उन्हें साइकिल उपलब्ध होने से विद्यालय आना-जाना आसान हो जाएगा और वे समय पर कक्षाओं में पहुँच सकेंगी।

### कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति

साइकिल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के प्रधानाध्यापक गंगाराम झारिया, पी.एस. मरावी, मानिकपुर पटवारी जागेश्वर परस्ते, विमलेश्वर मरावी, श्री आनंद झारिया, मानिकपुर मंडल अध्यक्ष श्री गोलू हीरेंद्र सिंह मरावी, डॉ. अर्जुन झारिया, रोहित असाटी, रघुनाथ सिंह ठाकुर सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने व्यक्त किया आभार

साइकिल पाकर छात्राओं ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल जाने में आसानी होगी और पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे सकेंगी। अभिभावकों ने भी शासन और विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया।

## शासकीय महाविद्यालय करंजिया में 'माटी गणेश सिद्ध गणेश' कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



जिले के करंजिया जनपद मुख्यालय के शासकीय महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं जन अभियान परिषद करंजिया के संयुक्त तत्वावधान में "माटी गणेश सिद्ध गणेश" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस मौके पर छात्र-छात्राओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में श्रीमती भवेदी ने उपस्थित लोगों को वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण से बचने के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस की जगह मिट्टी की मूर्तियों का उपयोग करने के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा। इससे न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी यह किफायती है। डॉ. के. के. द्विवेदी ने मिट्टी के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, जन अभियान परिषद करंजिया के छात्र धर्मेंद्र ने "माटी गणेश सिद्ध गणेश" अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और नारा दिया— "हर घर गणेश, घर-घर गणेश, माटी गणेश", जिससे पूरा महाविद्यालय गूंज उठा। इस अवसर पर ओंकारेश्वरी आरमो, खिलेश्वर तिवारी और भूपेंद्र मरावी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

## मेंहदवानी में कस्तूरबा गांधी मॉडल कन्या छात्रावास की छात्रा की मौत





**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी** विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में स्थित शासकीय कस्तूरबा गांधी मॉडल कन्या छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही एक छात्रा का इलाज के लिए मंडला ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कक्षा 9वीं में पढ़ने वाली छात्रा का नाम किसनिया नंदा पिता पहल सिंह है जो विकास खंड मेंहदवानी के ग्राम तेंदुडीह की निवासी थी। इस संबंध में छात्रावास अधीक्षिका मिथलेश परस्ते ने बताया कि सोमवार से स्कूल टाइम में छात्रा किसनिया नंदा ने बताया कि स्वास्थ्य ठीक नहीं लग रहा है तब उन्होंने चौकीदार के साथ चार-पांच अन्य छात्राओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी पहुंचाया था जहां से जांच के बाद डॉक्टर ने खून की कमी और छात्रा किसनिया नंदा की बिगड़ती तबियत को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कर लिया था और मुझे इसकी जानकारी दी तब मेरे द्वारा उनके परिजन को सूचना देकर बुलाया गया। डॉक्टर के द्वारा उचित इलाज के लिए मंडला रेफर की तैयारी करने लगे।परिजन अपने रिस्क पर लिखित देकर छात्रा को ले गए घर बीएमओ मेंहदवानी डॉ चन्द्रशेखर धुर्वे ने बताया कि छात्रा की जांच में पता चला कि उनके शरीर में मात्र 4 ग्राम खून था इस वजह से तबियत बिगड़ते जा रही थी जिससे उन्हें मंडला रेफर किया जा रहा था परन्तु परिजन उन्हें घर ले जाने की जिद में अड़ गए और लाख समझाने के बाद लिखित देकर अपने ऊपर रिस्क लेते हुए छात्रा को अपने घर ले गए। रात्रि में लगभग 12 बजे जब छात्रा की स्थिति ज्यादा बिगड़ गई तो दोबारा अस्पताल लेकर आए तब छात्रा की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय मंडला रेफर कर दिया गया।छात्रा की मौत को लेकर गोंगपा का प्रदर्शन छात्रा की मौत को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम कार्यकर्ताओं को लेकर बस स्टैंड तिराहा मेंहदवानी में बैठ गए और छात्रावास प्रबंधन तथा स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। नायब तहसीलदार टी एल धुर्वे मौके पर पहुंच गए और समझा बुझाकर प्रदर्शन को शांत कराया। इस दौरान पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।इनका कहना है परिजनों की मांग को देखते हुए शव परीक्षण कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# गणेश उत्सव एवं ईद मिलादुन्नबी के मद्देनजर थाना कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित

डिंडौरी।



**आगामी गणेश उत्सव और ईद मिलादुन्नबी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर थाना कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तहसीलदार आर.पी. मार्को, एसडीओपी सतीश द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, यातायात प्रभारी सुभाष उइके, कनिष्ठ अभियंता विद्युत अनिल ठाकुर, नगर पंचायत समयपाल के सुरेंद्र बिहारी शुक्ला, पार्षद रजनीश राय, मुस्लिम समाज से शेख शफीक सदर, संतोष वनवासी, गणेश समिति सदस्य, डीजे संचालक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।**

बैठक में गणेश प्रतिमा स्थापना की पूर्व सूचना एवं समिति सदस्यों की जानकारी संबंधित थाना में अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए गए। साथ ही गणेश विसर्जन की तिथि भी बैठक में तय की गई। पुलिस प्रशासन ने पर्व के दौरान नशा सेवन करने व हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।इस वर्ष पर्व के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए आयोजनों में साउंड सिस्टम का सीमित और मध्यम ध्वनि स्तर पर उपयोग करने तथा पूर्व अनुमति लेने के निर्देश दिए गए तहसीलदार आर.पी. मार्को ने सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्गों एवं बिजली के तारों के नीचे पंडाल न लगाने की सलाह दी। उन्होंने जबरन चंदा वसूली की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।पुलिस विभाग ने पर्व के दौरान आवश्यक सेवाओं जैसे एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, दूध, सब्जी और अखबार विक्रेताओं को निर्बाध आवागमन में सहयोग देने की अपील की। कोतवाली प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे और यातायात प्रभारी सुभाष उइके ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने और सौहार्दपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की।एसडीओपी सतीश द्विवेदी ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु सुझाव देते हुए कहा कि आरती के समय यातायात बाधित न हो तथा विसर्जन और जुलूस एक ही दिशा से निकाले जाएं, जिससे अन्य मार्गों पर यातायात सुचारू रहे।खुले में मांस विक्रय और अश्लील गीतों के उपयोग पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश प्रशासन ने दिए हैं।बैठक में कनिष्ठ अभियंता अनिल ठाकुर ने अस्थायी विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप से लेने की बात कही। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने कुंड में ही प्रतिमा विसर्जन करने की अनिवार्यता पर बल दिया।

## भिक्षा- वृत्ति व बाल श्रम करने वाले बच्चों का रेस्क्यू किया जावे

# जरूरतमंद बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का दिलाएं लाभ

### मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

**मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग भोपाल के सदस्य अनुराग पांडे की अध्यक्षता में विश्राम गृह में मंगलवार को बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एंव बाल विकास , जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, प्रभारी जिला श्रम अधिकारी, प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई नरसिंहपुर, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, शासकीय व अशासकीय संस्थाओं के अधीक्षक व संचालक और परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र आदि मौजूद थे।**

प्रभारी जिला श्रम अधिकारी ने अवगत कराया गया कि पिछले 6 माह से अब तक कुल 68 विभिन्न हॉट स्पॉट जैसे फ्रेक्ट्री, दुकान, ऐजेंसी, संस्थान, मॉल आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अब तक किसी पर प्रकरण नहीं बनाया गया है। श्री पांडे ने निर्देश दिए कि हॉट स्पॉट का चिन्हाकंन कर भिक्षा-वृत्ति करने वाले व बाल श्रम करने वाले बच्चों का रेस्क्यू कर संबंधित नियोक्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जावे। गुड़ भट्टियों आदि स्थानों में बच्चे श्रम कार्य करते हैं, तो अभियान चलाकर ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोडा जावे। श्रम करते पाए जाने वाले बच्चों का वीडियो बनाकर एवं समस्त टीम के सदस्य को रिपोर्ट करें एवं श्रम विभाग नियमानुसार कार्यवाही करें। 14 वर्ष के उपर के बच्चे किसी जोखिम भरे कार्य में लिप्त ना हो एवं जरूरतमंद बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोडा जावे। बैठक में बताया गया कि एसजेपीयू नरसिंहपुर द्वारा एक अक्टूबर 2024 से अब तक कुल 73 प्रकरण पॉक्सो के दर्ज किये हैं, जबकि बाल कल्याण समिति में कुल 12 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि किशोर न्याय अधिनियम के नियमानुसार समस्त प्रकरणों, बच्चों को एसजेपीयू 24 घंटे के अंदर बाल कल्याण समिति नरसिंहपुर में प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित हॉस्टल, छात्रावास व जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में बच्चों को पलंग, पेयजल, गुणवत्ता युक्त नाश्ता- भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जावे। समस्त विद्यालय एवं छात्रावासों में सरल शब्दों में गुड टच- बेड टच की जानकारी दी जावे। इसके लिए समस्त विभागों से मास्ष्टर ट्रेनर तैयार किये जावे। श्री पांडे ने निर्देश दिए कि एसजेपीयू देखरेख एवं संरक्षण के संस्थान व आश्रय गृह का भ्रमण करें और आवश्ष्यकता पड़ने पर सुरक्षा उपलब्ध्ध करायें। शिशु गृह, बाल गृह की समीक्षा के दौरान निवासरत समस्ष्त बच्च्चों को समय पूर्ण होने पर लीगल फ्री की कार्यवाही की जावे और बच्च्चों की नियमानुसार आईसीपी तैयार की जावे। बाल कल्च्याण समिति के अध्च्यक्ष व सदस्च्य शिशु गृह एवं बाल गृह में निवासरत बच्च्चों की आईसीपी पढ़कर नियमानुसार कार्यवाही करें। ऐसे सभी बच्चों की जानकारी भेजी जावे और बच्चों को पॉक्सो के प्रति जागरूक करने वाली शिक्षा प्रद कोमल फिल्म दिखाई जावे। बैठक के बाद बाल सम्प्रेक्षण गृह नरसिंहपुर का निरीक्षण किया।



## फुलेरा सजाकर हरीतालिका तीज महोत्सव मनाया
### सौभाग्य, सुख-समृद्धि, पारिवारिक सुख की कामना का पर्व



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रिद्धि सिद्धि महिला मंडल, विपत्पुरा द्वारा हरीतालिका तीज महोत्सव का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने शिव पार्वती जी की हाथों से निर्मित बालू की मूर्ति एवं उसके ऊपर फूलों से सजा हुआ फुलेरा सजाकर पारंपरिक परिधानों में सज धज कर तीज के पर्व की महिमा का उत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं देवी स्तुति से हुई, जिसके पश्चात मंडल की महिलाओं ने शिव पार्वती जी का विधि विधान से पूजन अर्चन किया विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तीज माता की सुंदर झांकी सजाई गई, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक गीतों के साथ झूला झूलाकर भगवान शंकर-पार्वती के मिलन की पावन कथा का स्मरण किया। महिला मंडल की सदस्याओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें तीज के पारंपरिक गीत, नृत्य और सांस्कृतिक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पारंपरिक पकवान जैसे घेवर, मालपुआ, पुरी गुझिया फल आदि का भी विशेष प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और सभी ने मिलकर इस पावन पर्व को उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। मंडल की अध्यक्ष श्रीमती वंदना तंतुबॉय ने कहा कि हरीतालिका तीज का पर्व न केवल शिव-पार्वती के मिलन का प्रतीक है, बल्कि यह महिलाओं के लिए सौभाग्य, सुख-समृद्धि एवं पारिवारिक सुख की कामना का पर्व भी है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी महिलाओं ने पूजन अर्चन कर धर्म लाभ लिया

## सांदीपनि विद्यालय में बाल कैबिनेट को शपथ दिलाई गई
### 124 छात्राओं को माला पहनकर निशुल्क साइकिल वितरण किया गया



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सांदीपनि विद्यालय में निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यकम एंव विद्यालय की बाल कैबिनेट के गठन पश्चात शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में भारतीय सनातन परपंरा के एक बडे त्यौहार हरितालिका तीज के शुभ अवसर की समस्त विद्यालय की छात्राओं और विद्यालय परिवार को शुभकामना देते हुए. नई शिक्षा नीति के उद्देश्य, प्रासंगिकता और उपयोगिता से समस्त जन समुदाय को अवगत कराया साथ ही चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं के सफल और उपयोगी जीवन की शुभकामना दी। विद्यालय के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ सभी बच्चों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर विद्यालय परिवार को शुभकामना प्रेषित की। इसके पश्चात बाल कैबिनेट के सदस्य प्रधानमंत्री कु. रागिनी रजक, उपप्रधानमंत्री कु. अक्षरा सोनी, खेलमंत्री कु. वेदिका साहू, स्वच्छतामंत्री कु. मोहिनी विश्वकर्मा, विज्ञान एंव शिक्षामंत्री कु. नमामी कुर्मी, स्वास्थ्यमंत्री कु. अंशिक स्वामी, अनुशासनमंत्री कु. नम्रता साहू, सांस्कृतिकमंत्री कु. अनया अंजुम, जल एव पर्यावरणमंत्री कु. अंशिका कुर्मी, पुस्ताकालय मंत्री कु. महक कुर्मी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। विद्यालय के प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की विगत वर्ष उपलब्धियों को अपने प्रतिवेदन में समाहित किया आपके साथ पधारे इंजी सुनील कोठारी , अंशुल नेमा , समीर तिवारी , मामा सरदार और दादा विजय लूनावत , सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। विद्यालय परिवार से योगेश गुप्ता, सुशील दीक्षित, अभिनव लखेरा, विनोद बमनेले, प्रभात सिंह राजपूत, श्रीमती विनीता सराठे, श्रीमती स्मरणा सिंह, श्रीमती चंद्रिका दुबे, उदयराज पांडे, महेन्द्र सिंह लोधी, गणेश लोधी, बृजेश जाट, नितिन लांझे और समस्त विद्यालय परिवार के साथ छात्र-छात्राओं और पालकों की उपस्थिति रही।

## बिल्धा वॉटरफॉल मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

### तीन मासूम बच्चों की डूबने से हुई दर्दनाक मौत को लेकर परिजनों ने गंभीर सवाल खड़े किये

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



जिले के बिल्धा ग्राम के जलप्रपात में 1 अगस्त को तीन मासूम बच्चों की डूबने से हुई दर्दनाक मौत को लेकर अब परिजनों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। परिजनों ने एएसपी संदीप भूरिया को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि इस घटना के पीछे कई संदिग्ध पहलू हैं जिन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त को तन्मय शर्मा, अश्विन जाट और अक्षत सोनी की डूबने से मौत हुई थी। प्रारंभिक स्तर पर इसे महज हादसा माना गया और सुआतला थाने में मर्ग दर्ज कर लिया गया। लेकिन परिजनों का कहना है कि घटना के समय तीनों मृतक बच्चों के साथ चार और साथी भी मौजूद थे। परिजनों ने सीसीटीवी फुटेज भी प्रस्तुत किए हैं, जिसमें सातों बच्चे तीन दोपहिया वाहनों से जाते नजर आ रहे हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि हादसे के दौरान चारों साथी बच्चों ने न तो डायल 100 को सूचना दी, न ही आसपास के लोगों को मदद के लिए पुकारा। उल्टे उन्होंने घटना को छुपाने की कोशिश की और घर लौटकर परिजनों से झूठ बोला। खास बात यह है कि फुटेज में दिखने के बावजूद कुछ बच्चों ने खुद को घटना स्थल पर मौजूद न होने का दावा किया।साथ ही मृतक बच्चों के मोबाइल, पैसे, बैग, चप्पल और घड़ी जैसे सामान का गायब होना भी मामले को और संदिग्ध बना रहा है। परिजनों का कहना है कि यदि चारों साथी समय पर मदद करते तो तीनों मासूमों की जान बच सकती थी। उनका आरोप है कि घटना को छुपाने और सबूतों को मिटाने का प्रयास किया गया। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को भी ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि घटना को हुए 25 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक साथी बच्चों से पूछताछ नहीं की गई और न ही गायब सामान की बरामदगी हुई है।

## जनसुनवाई में आये 104 आवेदन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने कलेक्टर को अपनी समस्याएं बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनसुनवाई की लंबित शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 104 आवेदन आये।



## प्रदेश के सबसे व्यस्ततम राजमार्ग चौराहे पर नहीं है सुलभ काम्प्लेक्स की सुविधा
### महिला यात्रियों को होती है परेशानी

**तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां संपूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता अभियान के तहत जहां तहां सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा घरों की व्यवस्थायें मुहैया कराई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ भारत वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 झांसी नागपुर और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर जयपुर को जोड़ने वाले सड़क मार्ग राजमार्ग चौराहे पर सुलभ काम्प्लेक्स की सुविधा ना होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चूंकि पुरुष वर्ग जहां तहां ओट पाकर अपना काम निकाल लेते हैं लेकिन महिला वर्ग को परेशानी हुआ करती है।इस राजमार्ग चौराहे पर प्रतिदिन हजारों वाहन निकलते हैं। और सागर नरसिंहपुर जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग से आने वाली विभिन्न यात्री वाहनों के यात्रियों को बस स्टैंड पर बसों के रुकने पर लघु संका हेतु यहां वहां भटकना पड़ता है।दिन के समय चौराहा पर दुकानें खुल जाने वाहनों की आवाजाही के बीच लघु संका नहीं कर पाते हैं। यहां पर एक सर्व सुविधायुक्त सुलभ काम्प्लेक्स की नितांत आवश्यकता है। स्थानीय लोगों दुकान दारों का कहना है कि यह सुविधा पूर्व में राजमार्ग चौराहे पर स्थित थाना परिसर में बनीं हुई थी लेकिन अब उसमें ताला लगा हुआ है।थाना भी सुआतला स्थानांतरित हो गया है इसलिए सुविधा भी बंद हो गई है। स्वच्छता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए राजमार्ग चौराहे पर सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा शीघ्र बनाये जाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है।

## शोक संतृप्त परिवार में पहुंचे ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष



गोटेगांव

विगत दिनों नगर स्थित बगासपुर रोड सिद्ध बाबा निवासी भवानी प्रसाद राजू, राजेंद्र प्रसाद रामजी, राजेंद्र कुमार साहू की परम पूज्य माताजी श्रीमती त्रिवेणी बाई साहू का देवलोकगवन हो गया था ! विधित हो की त्रिवेणी बाई साहू सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर शामिल होती थी उन्होंने अनेक जरूरतमंद परिवारों की मदद कि उनके जाने का साहू समाज में अत्यंत दुख व्याप्त है ! दुख की इस घड़ी में साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष त्रिभुवन साहू एवं साहू समाज उत्थान मंडल गोटेगांव नगर अध्यक्ष भगवान दास साहू खेमचंद साहू शिवशंकर साहू ओम प्रकाश साहू करण साहू आशीष साहू एवं अन्य साथियों सहित उनके परिवार में पहुंचे। उन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए उनके साथ हर समय पर खड़े होने की बात कही, साथ ही उन्हें संभल प्रदान किया।

## कांटों के बीच कीचड़ युक्त मार्ग से आने जाने मजबूर
### स्कूल बंधी पंचायत के टाबर मुहल्ला की स्थिति बदतर



**तेंदूखेड़ा।** लगातार जारी वारिस के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की गंभीर स्थिति बनी हुई है। वहीं कच्चे कीचड़ युक्त मार्गों से आवागमन ग्रामीणों की मजबूरी बना हुआ है।ऐसा ही स्तिथि चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सर्रा बंधी के टाबर मुहल्ला की बनीं हुई है। जहां के स्कूली छात्र और गांव के लोग कांटों भरे रास्ते से कीचड़ से निकल कर प्रतिदिन स्कूल का आना जाना किया करते हैं। हमारे प्रतिनिधि को टाबर मुहल्ला के लोगों ने बताया कि 20 25 परिवारों ने खेतों की देख रेख और आवागमन की दृष्टि से काफी लंबे समय से अपने अपने खेतों में ही निवास बना लिया है। चूंकि बंधी से इन खेतों की दूरी लगभग एक किलोमीटर दूर है। चूंकि बंधी ग्राम पंचायत जिले के अंतिम छोर पर स्थित है बाजू से रायसेन जिले की सीमा लगी हुई है। यदि लगातार दो दिन वारिस हो जाती है तो सड़क मार्ग के बीच में पड़ने वाली पुलिया के ऊपर पानी हो जाने के कारण यह सड़क मार्ग बंद हो जाता है। ग्राम ग्वारी और मदनपुर खेरुआ तरफ से भी यही स्थिति बनती है यहां पर भी कीचड़ युक्त मार्ग है। तथा आवागमन में अधिक दूरी पड़ती है। लोगों का कहना है कि बरसात के उपरांत टाबर मुहल्ला के विकास की दिशा में केवल एक किलोमीटर सड़क की ही व्यवस्था बन जाती है तो बच्चों को स्कूल आने जाने के साथ लोगों को आने जाने में सुविधा होने लगेगी।

## अल्प समय रुके जीतू पटवारी कार्यकर्ताओं से मिले

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को म प्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सड़क मार्ग से भोपाल से जबलपुर जाते समय अल्प समय के लिए तेंदूखेड़ा में रुके। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पहारों से स्वागत किया। तथा कांग्रेस पार्टी द्वारा आने वाले समय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।



**नाम सुधार सूचना**

मै वीरेन्द्र जाटव आत्मज श्री पुरुषोत्तम जाटव निवासी सुभाष वार्ड करेली तहसील - करेली जिला नरसिंहपुर का निवासी हूं । मेरे नाम से ड्राइविंग लाइसेंस क्रमांक MP 49R-2021-0019876 है जिसके जिसमें मेरा नाम की स्पेलिंग VIRENDRA KUMAR JATAV दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम की स्पेलिंग VEERENDRA JATAV दर्ज है। VIRENDRA KUMAR JATAV एवं VEERENDRA JATAV ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे ही हैं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस कमांक MP49R-2021-0019876 में अपना नाम आधार कार्ड की भांति VEERENDRA JATAV दर्ज कराना चाहता हूं । मेरे ड्राइविंग लाइसेंस क्रमांक MP 49R-2021-0019876 एवं आरटीओ रिकार्ड में मेरा नाम VIRENDRA KUMAR JATAV के स्थान पर VEERENDRA JATAV दर्ज किया जावे। शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### मिट्टी की मूर्तियों का निर्माण करते हुये पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



**नरसिंहपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सिद्धि गणेश जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें रासेयो के विद्यार्थियों ने सहभागिता कर मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं निर्मित कीं। कार्यशाला में कालेज प्राचार्य डॉ आर वी सिंह जयनारायण शर्मा ,और मुख्य वक्ता आचार्य थम्बन शर्मा (गायत्री परिवार), डा जी एस मसकोले, गणेश सोनी , डॉ अमित ताम्रकार , लखन श्रीवास्तव गायत्री परिवार ट्रस्ट नरसिंहपुर ने सहभागियों को मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पीओपी की जगह मिट्टी के गणेश पूजन को आवश्यक बताया और संस्कृति की समझ को धर्म की मूल भावना से जोड़ा। इस में महाविद्यालय के विद्यार्थीयो ने मिट्टी की मूर्तियों का निर्माण करते हुये पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया कार्यक्रम में शिखा वर्मा,राशिका चैरसिया, रोहित नौरिया, सौरभ, हर्षित ,शिवम , रेशू, अभिषेक, अंजलि, शिवानी, निधि, सुरभि,शिवम ,रूपेश, सहित अनेक विधार्थी उपस्थित रहे।

### आयुष का चयन मध्यप्रदेश पुरुष हॉकी अकादमी में हुआ



**नरसिंहपुर।** हॉकी अकादमी नरसिंहपुर के छात्र आयुष का चयन मध्य प्रदेश पुरुष हॉकी अकादमी भोपाल में हुआ है । एन आई एस कोच राजकुमार चैबे ने बताया आयुष किसानी बार्ड के निवासी है वे 4 बर्ष से नरसिंहपुर हॉकी अकादमी में अभ्यास कर रहे थे खेल युवक कल्याण विभाग हॉकी अकादमी भोपाल में शासन की ओर से निःशुल्क हॉस्टल, भोजन, अभ्यास, शिक्षा, व अन्य सुविधाएं प्राप्त होगी ,चयन पर जिला खेल अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव, प्रवीण सिंघई, इलियास खान,अतुल मिश्रा, पंकज खरारे,शिवम प्रधान,आदि सभी खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

### बिजली चोरी पर होगी कार्रवाई

**नरसिंहपुर।** 26 अगस्त मंगलवार को मुख्य अभियंता जी डी वासनिक प्रवर्तन जबलपुर के द्वारा नरसिंहपुर सांचा संधा संभाग अंतर्गत डांगीढाना वितरण केन्द्र में पंचायत भवन में वी मित्र ऐप के संबंध में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर कार्यपालन अभियंता वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता आदि कर्मचारी ओर जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण उपस्थित रहे और ग्रामीणों को वीं मित्र के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई। भविष्य में विद्युत चोरी की अनियमिताओं की रोकने की जानकारी बताई गई ओर 50 हजार रुपए तक के ईनाम की जानकारी साझा की।

### इंजीनियर सत्यम बाजपेयी भारतीय किसान यूनियन संविधान के अध्यक्ष नियुक्त हुए



**गोटेगांव।** करकबेल भारतीय किसान यूनियन संविधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाकांत कश्यप ने प्रदेश प्रभारी अशोक दुबे की अनुशंसा पर भारतीय किसान यूनियन संविधान के ब्लॉक अध्यक्ष गोटेगांव में श्री सत्यम बाजपेयी मुगली वालों को मनोनीत किया है। सत्यम बाजपेयी एक उन्नत किसान के साथ साथ कम्प्यूटर इंजीनियर भी हैं। मल्टीनेशनल कंपनीज अपनी सेवा दे चुके है। ड्रोण एवम् ए आइ टेक्नोलॉजीज का किसानी उपयोग जानकार है। इस अवसर पर मनोनीत अध्यक्ष को बधाई देने वालों प्रमुख चौ. राजेश जैन, लखन बिलवार, राजकुमार पटैल बम्हनी वाले हरीओम साहू करकवेल, संदीप पटैल ब्महौरी वाले,अमर सिंह पटैल दिवरी , भोजराज पटैल मुगली,सेवाराम पटैल, कृष्णदत्त तिवारी, नीरज गौड, शरीफ खान, देवी सिंह ठाकुर, राम नारायण, इरफान खान, आरती पटैल, मीनू राजपूत,इंजीनियर गिरीश दुबे कंजई,अस्सु शर्मा बगासपुर सहित समस्त शुभचिंतकों सहयोगी एवं किसान भाइयों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। नव-नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम बाजपेई ने कहा कि समस्त कृषक बंधुओं ,मजदूरों एवं गरीब भाइयों को विश्वास दिलाता हूँ कि आपकी आवाज़ को कभी दबने नहीं दूंगा। इसके लिए हर समय समर्पित रहकर संघर्ष करता रहूँगा।समाज और किसानों के हक़ की रक्षा करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।किसान मजदूर भाइयों से इस संगठन से जुड़कर अपनी आवाज़ को बुलंद करने की अपील करता हूँ।